# बजट: यूपी में रेल सुविधाएं बढ़ाने को 19 हजार करोड़

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। आम बजट में रेलवे को 2,62,200 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसमें यूपी को सर्वाधिक 19,848 करोड़ का बजट रेल सुविधाएं बढ़ाने के लिए मिला है। बजट का 60 फीसदी से अधिक हिस्सा रेलवे के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर खर्च होगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को रेल भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में राज्यवार रेल परियोजनाओं के लिए आवंटित बजट का ब्योरा पेश किया।

**18 फीसदी अधिक पैसा मिलाः** उन्होंने पत्रकारों को बताया कि उत्तर प्रदेश को यूपीए शासनकाल में औसतन 1,009 करोड़ आवंटित किए गए। जबकि 2024-25 के आम बजट में यूपी को 19,848 करोड़ दिए गए हैं। इस प्रकार यूपी को रेल परियोजनाओं के लिए 18 फीसदी अधिक पैसा दिया गया है। रेल मंत्री ने कहा कि अगले साल प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के मौके पर 40 से अधिक परियोजनाओं को चिह्नित किया गया है।

## 92 हजार करोड़ की रेल परियोजनाएं चल रही हैं



उत्तर प्रदेश में वर्तमान में 92 हजार करोड़ की रेल परियोजनाएं चल रही हैं। दस साल में 4,900 किमी नए रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं। 1490 आरयूबी-आरओबी बनाए जा चुके हैं। 157 रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत के तहत पुनर्विकास किया जा रहा है।